# ज्ञान प्रकाश फैलाना ही सच्ची दीपावली मनाना - दादी हृदयमोहिनी



दीपावली के अवसर पर अद्भुत रोशनी फैलाता ओम शांति रिट्रीट सेंटर

## पंद्रह सौ लोगों ने हर्षोल्लास से मनाया दीपावली का पर्व

**ओ.आर.सी.-गुरूग्राम।** ओम शांति रिट्रीट सेंटर में दीपावली का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन, नृत्य, नाटक एवं गीत-संगीत का विशेष आयोजन हुआ। दीपावली का केक काटकर सभी ने एक-दूसरे का मुख मीठा किया। कार्यक्रम में मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें बने खुले मंच पर अनेक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। मेले में गेम्स के भी अनेक स्टॉल बनाए गए।

'दीपावली वास्तव में सुख, शान्ति एवं समृद्धि का पर्व है। ये दिवस हमें याद दिलाता है कि एक समय ज़रूर रहा है जब इस संसार में चारो तरफ खुशहाली थी। जहाँ एक धर्म, एक राज्य, एक कुल एवं एक मत थी। सभी मनुष्य देवी-देवता कहलाते थे। अंत:करण में ज्ञान के दीपक जगाना ही असली दीपावली मनाना है' **-ब्रह्माकुमारीज़ की अति. मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी।**

'दीपावली पर सभी लक्ष्मी का ही आह्वान करते हैं, लेकिन हमें आह्वान करना है नैतिक, आध्यात्मिक एवं चारित्रिक मूल्यों का। जीवन की श्रेष्ठता के बिना धन हमें सच्चा सुख नहीं दे सकता। उन्होंने कहा कि जितना हम स्थूल धन को जमा करते हैं, अगर उतना ही हम अपने श्रेष्ठ एवं शुद्ध संकल्पों की पूंजी को भी जमा करेंगे तो जीवन में कभी भी सुख, शांति एवं खुशी का अभाव नहीं हो सकता'- **अमेरिका में ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्रों की प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. मोहिनी।**

कार्यक्रम में दादी रुक्मणि, ब्र.कु. बृजमोहन एवं ब्र.कु. आशा ने भी सभी को दीपावली की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में दिल्ली एवं आस-पास के पंद्रह सौ से भी अधिक लोगों ने भाग लिया।





दीपावली के अवसर पर कार्यक्रम में सभी को ब्लैसिंग्स देते हुए दादी हृदयमोहिनी। सभा में अपने हाथ में कैंडल्स लेकर अपनी खुशी व्यक्त करते तथा दीपावली मनाते भाई बहनें।

# परमात्म ज्ञान द्वारा स्वर्णिम संसार

**सेक्टर 13 के एक्ज़ीविशन मैदान में एक विशाल आध्यात्मिक कार्यक्रम के आयोजन में ब्रह्माकुमारीज़ के महा. व आ.प्र. की ज़ोन इंचार्ज राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष तथा ब्र.कु. शीला भी थे उपस्थित।**

**सुधाकर सोनावने,महापौर,नवी मुम्बई, संदीप नाइक,विधायक, एरोली विधान सभा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी थे मंच की शोभा। शहर के गणमान्य अतिथि व हज़ारों भाई बहनों ने इस कार्यक्रम का लिया भाग।**

**नवी मुम्बई।** 'आज मानव में दिव्य गुण लोप हो गए हैं, आज चारो ओर अज्ञान अंधेरा छाया हुआ है, रात के बाद दिन आता है, इस नियम अनुसार इस घोर कलियुगी दुनिया के बाद सतयुगी स्वर्णिम संसार आने वाला है। इसके लिए ज्ञानसूर्य परमात्मा का अवतरण इस धरा पर हो चुका है। इसे हम सबको अपने जीवन में अपनाकर वर्तमान और भविष्य को उज्जवल करना चाहिए' **- ब्र.कु. संतोष।**

'नवी मुम्बई में सुख शांति बनाये रखने के लिए संस्था का बड़ा योगदान है। यह संस्था बेहद सेवा के लिए समर्पित है। इससे जुड़े लोगों का आचरण श्रेष्ठ और पवित्र होता जाता है। अपनी माता के उदाहरण को सामने रखते हुए कहा कि जब से वो इस संस्था से जुड़ी हैं तब से घर स्वर्ग बन गया है' **- संदीप नाइक।**

'अध्यात्म और विज्ञान का सुंदर समन्वय है' **- नरेन्द्र पाटिल,विधायक,विधान सभा परिषद सदस्य।**

' यह संस्था शांति स्थापना का कर्म कर रही है। संस्था से जब बहनें राखी बांधने आती हैं तब शांति और पवित्रता का संदेश मिल जाता है' **- सुधाकर सोनावने।**

ब्र.कु. वंदना ने परमात्मा का परिचय दिया तथा ब्र.कु. तारा ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया। ब्र.कु. शीला ने अतिथियों का स्वागत किया तथा ब्र.कु. माला ने सभी को संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया।





कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए ब्र.कु. संतोष, संदीप नाइक, नरेन्द्र पाटिल, सुधाकर सोनावने, ब्र.कु. शीला व अन्य।



अभियान का शुभारंभ करते हुए महेश विजय, श्रीमति प्रसन्ना भंडारी, राजेन्द्र अग्रवाल, गोपाल सप्रा, ब्र.कु. हेमलता, ब्र.कु. समिता, ब्र.कु. शक्ति, ब्र.कु. उर्मिला तथा अन्य।

# 'स्वच्छ समाज-स्वस्थ समाज' अभियान का कोटा से शुभारंभ

### नगर निगम के महापौर महेश विजय ने किया अभियान को रवाना

**कोटा-राज.।** ब्रह्माकुमारीज़ के समाज सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित 'स्वच्छ समाज-स्वस्थ समाज' विषयक अभियान 6 नवम्बर से 14 नवम्बर तक कोटा,राज. से खंडवा,म.प्र. तक निकाला गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर शरीक हुए महेश विजय,महापौर,नगर निगम, श्रीमति प्रसन्ना भंडारी,समाज सेविका, राजेन्द्र अग्रवाल,पूर्व गवर्नर,लायन्स क्लब, गोपाल सप्रा,पूर्व गवर्नर,रोटरी क्लब, ब्र.कु. समिता,मंदसौर, ब्र.कु. शक्ति, ब्र.कु. उर्मिला तथा गणमान्य अतिथिगण। आये हुए सभी अतिथियों ने इस कार्यक्रम में अपने-अपने विचार व्यक्त किये तथा अभियान के प्रति शुभकामनाएं दीं।

प्रो. ओंकारचंद,एक्ज़ीक्यूटिव मेंबर, समाज सेवा प्रभाग,माउंट आबू ने कहा कि अपने घर तथा वातावरण के साथ-साथ मन को स्वच्छ व स्वस्थ रखने से ही स्वच्छ व स्वस्थ समाज की परिकल्पना साकार होगी। ब्र.कु. हेमलता, ज़ोनल कोऑर्डिनेटर,इंदौर ने कहा कि स्वच्छ व सुंदर विचारों के नींव पर ही स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज की इमारत खड़ी रह सकती है। इसके लिए हमें अपने अंदर झाँकना होगा। मन के विचार ही तो बाह्य सुंदरता का आधार है।

कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510. सदस्यता के लिए सम्पर्क- M - 9414006096, 9414182088,
Email- omshantimedia@bkivv.org, mediabkm@gmail.com, Website- www.omshantimedia.info
सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 190 रुपये, तीन वर्ष 570 रुपये, आजीवन 4500 रुपये । विदेश - 2500 रुपये (वार्षिक) कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेयबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 14th Nov 2016
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।